# अस्थमा फ़र्स्ट-एड (दमे की प्राथमिक चिकित्सा) के 4 चरण



## 1

**व्यक्ति को सीधा बिठायें**



## 2

नीले/स्लेटी रंग के निवारक (रिलीवर) पफर के **4** अलग-अलग पफ दें

- पफर को **हिलायें**
- स्पेसर में **1 पफ** डालें
- स्पेसर से **4 बार सांस** लें

4 पफ लिए जाने तक यह प्रक्रिया दोहरायें

याद रखें: **हिलायें, 1 पफ, 4 बार सांस लें**

अथवा Bricanyl इनहेलर (6 साल या इससे अधिक की आयु) या Symbicort इनहेलर (12 साल से अधिक की आयु) की 2 अलग-अलग खुराक दें




## 3

**4 मिनट प्रतीक्षा करें**

यदि कोई सुधार नहीं होता है, तो उपरोक्त बताए तरीके के अनुसार **नीले/स्लेटी रंग के निवारक के 4 और अलग-अलग पफ दें**

अथवा Bricanyl या Symbicort इनहेलर की 1 और खुराक दें




## 4

**यदि फिर भी कोई सुधार नहीं होता है तो ऐम्बुलेंस के लिए ट्रिपल ज़ीरो (000) पर फोन करें**

**आपातकालीन सहायता के पहुँचने तक हर 4 मिनट में 4 अलग-अलग पफ देते रहें**

अथवा हर 4 मिनट में Bricanyl या Symbicort की 1 खुराक – Symbicort की 3 और खुराकों तक

**तुरंत ही आपातकालीन सहायता को फोन करें। ट्रिपल ज़ीरो (000) पर फोन करें:**

- यदि व्यक्ति सांस न ले रहा हो।
- यदि व्यक्ति के दमे की स्थिति तुरंत ही बिगड़ जाती है, या इसमें कोई सुधार नहीं हो रहा है।
- यदि व्यक्ति को दमे का दौरा पड़ रहा है और निवारक उपलब्ध नहीं है।
- यदि आपको पक्का पता नहीं है कि यह दमा है या नहीं।
- यदि व्यक्ति ऐनाफ़िलैक्सिस (तीव्रग्रहिता) से पीड़ित रहता है – तो उसकी ऐनाफ़िलैक्सिस कार्यवाही योजना का अनुपालन करें, इसके बाद अस्थमा फ़र्स्ट-एड दें। नीले/स्लेटी रंग की निवारक दवा से कोई नुकसान होने की संभावना नहीं होती है, भले ही व्यक्ति दमे से पीड़ित न हो।

**पराग के इस मौसम में अपने आप को सुरक्षित रखें।**

**दमे और एलर्जी संबंधी मामलों का प्रबंध करना।**

**और अधिक जानकारी के लिए betterhealth.vic.gov.au वेबसाइट देखें या 1800 ASTHMA (1800 278 462) पर फोन करें**

विक्टोरियाई सरकार, 1 Treasury Place, Melbourne (1708026) द्वारा प्राधिकृत और प्रकाशित
© विक्टोरिया राज्य (Department of Health and Human Services)।
प्रतीक चिन्ह के अलावा, CC BY International 4.0 लाइसेंस के अधीन लाइसेंस-प्राप्त।

ASTHMA AUSTRALIA

VICTORIA State Government